श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
20.06.2024
ज्येष्ठ शुक्लपक्ष त्रयोदशी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 295

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:07 बजे
अस्त - 06:45 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 44 डिग्री से.
न्यूनतम : 32 डिग्री से.



बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com | बाल-बाल बचे सीओ व मुखिया >> पेज 03 | बाल-बाल बची प्रियंका चोपड़ा >> पेज 04

## सुविचार

जिंदगी वही है जो हम अभी जी रहे हैं, कल जो जियेंगे, उसे उम्मीद कहते हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### राज्य के स्कूल सुबह सात से 11: 30 बजे तक

**रांची।** राज्य के सभी सरकारी और गैर सरकारी सहित सभी स्कूल अब सुबह सात बजे से दिन के 11: 30 तक संचालित किये जायेंगे। इस संबध में बुधवार को स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि कक्षा केजी से लेकर 12 वीं तक की कक्षाएं सुबह सात से 11: 30 तक चलेगी। यह व्यवस्था अगले आदेश तक लागू रहेगी।

### सात जुलाई को भगवान जायेंगे मौसी के घर

**रांची।** राजधानी रांची में भगवान जगन्नाथ के भव्य रथ को लगभग तैयार कर लिया गया है। सात जुलाई को भगवान जगन्नाथ अपने भव्य रथ पर अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी के घर जाएंगे। भगवान जगन्नाथ के लिए इस वर्ष भी भव्य रथ तैयार किया जा रहा है। ओडिशा से आए कारीगर दिन-रात मेहनत करके रथ को तैयार कर चुके हैं, अब सिर्फ रथ की सजावट बाकी है।

**कैबिनेट > झारखंड कैबिनेट में 33 प्रस्तावों को मिली मंजूरी**

# राज्य सरकार कराएगी जाति सर्वे

बंशीधर न्यूज

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरकार ने मास्टर स्ट्रोक खेला है। जातिगत सर्वेक्षण को चंपाई कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। कैबिनेट विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने कैबिनेट की बैठक के बाद बुधवार को पत्रकारों बताया कि कार्मिक विभाग की देख-रेख में जातिगत सर्वेक्षण होगा। वहीं पुलिस अफसरों को अब प्रशंसा चिन्ह दिए जाएंगे। इस बार गणतंत्र दिवस में 120 पुलिस कर्मियों को प्रशंसा चिन्ह दिए जाएंगे। झारखंड गृह रक्षा सेवा नियमावली 2022 में संशोधन की स्वीकृति दी गई। झारखंड न्यायिक सेवा नियमावली 2024 के गठन को स्वीकृति दी गई।

राज्य के विधायकों सचेतकों अधिकारियों का वेतन भत्ते में बढ़ोतरी कर दी गई है। कैबिनेट में कुल 33 प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई कार्मिक विभाग जाती सर्वेक्षण अब कराएगा। कैबिनेट में टैक्स डिफॉल्टरों वाहनों के वन टाइम सेटलमेंट के लिए पेनल्टी माफी का भी प्रस्ताव की स्वीकृति दी गयी। राज्य में लगभग 4.83 लाख वाहन टैक्स डिफॉल्टरों की श्रेणी में हैं। इसके लिए विरूद्ध 2204 करोड़ का बकाया है। इसमें रोड टैक्स 763 करोड़ और पेनल्टी 1436 करोड़ है। रोड टैक्स का पूरा देना होगा पेनल्टी या 50 प्रतिशत देना होगा।



### झारखंड वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन

झारखंड वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन किया गया है। इसके तहत अब लिखित परीक्षा में 45 प्रतिशत न्यूनतम अंक सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को लाना होगा। ओवरऑल 50 प्रतिशत अंक लाना होगा। वहीं आरक्षित वर्ग के छात्र-छात्राओं को 40 प्रतिशत और ओवरऑल 45 प्रतिशत अंक लाना होगा। वहीं इंटरव्यू और रिटर्न परीक्षा को जोड़कर ही अब रिजल्ट जारी होगा। लुगुबुरु में डीवीसी के 1500 मेगावाट के प्लांट को स्थगित करने का निर्णय ले गया है और इससे भारत सरकार को अनुरोध किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग में सेंट्रल डिजिटल सिस्टम को विकसित किया जाएगा विभिन्न कार्यों के लिए पोर्टल तैयार होगा और इसके लिए एजेंसी का एक चयन किया गया और कार्य के लिए 20 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

### वायुयान नियमावली में संशोधन

गृह विभाग से जुड़े अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारी के लिए वायुयान नियमावली में संशोधन किया गया है। इसके साथ अब प्राकृतिक आपदा, नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई या निगरानी से जुड़े मामलों में अगर वायुयान की सुविधा लेनी पड़ी तो विभाग के प्रधान सचिव के अनुमति से यह सुविधा प्राप्त की जा सकेगी।

## विधायकों के वेतन-भत्ते में हुई बढ़ोतरी

### विधायकों को वेतन, भत्ता और सुविधा में वृद्धि

वेतन 60,000 प्रतिमाह, क्षेत्रीय भत्ता 80,000, सत्कार भत्ता 40,000, दैनिक भत्ता राज्य के अंदर 3000, राज्य के बाहर 4000 प्रति दिन, एक लाख रुपये लगभग प्रतिमाह। विधायकों के निजी सहायक को 50,000 पर प्रतिमाह, अनु सेवक को 30,000 प्रतिमाह, कंप्यूटर लैपटॉप प्रिंटर का प्रावधान एक लाख रुपये, सवारी भत्ता 5000 प्रतिमाह, समाचार पत्र 3000 रुपये प्रतिमाह, होम लोन की सुविधा 60 लाख रुपया चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर। पेंशन 50,000 प्रतिमाह, पेंशन में वार्षिक वृद्धि 5000 प्रतिमाह, अधिकतम दो लाख तक निजी, परिसहाय पूर्व सदस्यों को एक निजी परिसहाय हेतु 15000 प्रतिमाह देय होगा।

### सचेतक का यह वेतन भत्ता

मुख्य सचेतक को 75000 प्रतिमाह उप सचेतक को 70000 रुपए प्रतिमाह सचेतक को 60000 प्रतिमाह मिलेगा। इन्हें सत्कार भत्ता 55000, क्षेत्रीय भत्ता 65000, प्रभारी भत्ता 3000, राज्य के अंदर 4000, राज्य के बाहर लगभग एक लाख रुपये प्रतिमाह। कंप्यूटर की सुविधा 1,00,000 तक और होम लोन 60 लाख तक मिलेगा।

### नेता विरोधी दल

वेतन 8,50,000 प्रतिमाह, क्षेत्रीय भत्ता 95 हजार रुपये प्रतिमाह, सत्कार भत्ता 55,000 प्रतिमाह, होम लोन 60 लाख तक और प्रभारी भत्ता राज्य के अंदर 3000 राज्य के बाहर 4000 मिलेगा।

### स्पीकर के वेतन और भत्ता

वेतन 98000 प्रतिमाह अध्यक्ष को, उपाध्यक्ष को 75000 प्रतिमाह, होम लोन 60 लख रुपये तक चार प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर, प्रभारी भत्ता 3000, राज्य के अंदर और राज्य के बाहर 4000 प्रतिदिन, लगभग एक लाख रुपये प्रतिमाह, क्षेत्रीय भत्ता 80,000 और सत्कार भत्ता 70,000 और 55,000 प्रतिमाह अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को दिया जाएगा।

रिटायर्ड कर्मचारियों को प्रमोशन देने का निर्णय

झारखंड राज्य में 24 दिसंबर 2020 से 10 अप्रैल 2023 तक जो प्रमोशन पर रोक लगाया गया था और इसके बाद 10 अप्रैल 2023 को हटाया गया था। इस दौरान सेवा निवृत हुए अधिकारियों को उनके रिटायरमेंट की तिथि से प्रमोशन देने का संकल्प जारी था। अब कैबिनेट में इसमें उस अवधि में रिटायर्ड कर्मचारियों को भी प्रमोशन देने का निर्णय लिया है।

### 11वीं जेपीएससी परीक्षा में ओएमआर शीट रद्द करने की याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में जेपीएससी 11वीं की प्रारंभिक परीक्षा (पीटी) में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा अभ्यर्थी की ओएमआर शीट रद्द करने के खिलाफ दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को राहत नहीं देते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। मामले में कोर्ट ने पूर्व में याचिकाकर्ता मयंक कुमार सिंह के लिए पीटी परीक्षा में एक सीट सुरक्षित रखने का आदेश जेपीएससी को दिया था। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने पैरवी की।दरअसल, पीटी की परीक्षा के दौरान प्रार्थी ने अपने रोल नंबर भरने वाले गोल स्थान में एक अंक भरने में गलती कर दी थी, जिसे उसने परीक्षा के दौरान सुधार कर दिया था। जब उक्त परीक्षा का 22 अप्रैल को पीटी रिजल्ट घोषित किया गया तो अभ्यर्थी मयंक कुमार सिंह को अनारक्षित श्रेणी में 292 अंक प्राप्त हुए थे जबकि कट ऑफ अंक 244 ही था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया था कि याचिकाकर्ता मयंक कुमार सिंह का पीटी का मार्क्स कट ऑफ मार्क्स से काफी अधिक आया है।

## गैंगेस्टर अमन साहू के खिलाफ एनआईए की छापेमारी में वाहन, डीवीआर व दस्तावेज जब्त

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को झारखंड के कुख्यात अपराधी अमन साहू के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एनआईए रांची ब्रांच ने उसके बुढ़मू स्थित पैतृक आवास के साथ बुकरू और हजारीबाग के गिद्दी थाना क्षेत्र स्थित ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान एनआईए की टीम अमन के घर से फॉर्च्यूनर वाहन, सीसीटीवी का डीवीआर और बैंक खातों से संबंधित कागजात सहित कई अन्य दस्तावेज जब्त करके अपने साथ




ले गयी। बताया गया है कि एनआईए ने टेरर फंडिंग मामले में यह छापेमारी की है। एनआईए को जानकारी मिली है कि अमन साहू ने लेवी रंगदारी से अपने और अपने रिश्तेदारों के नाम पर बड़ी सम्पत्ति अर्जित की है। पलामू जेल में बंद अमन साहू जेल से ही गैंग को ऑपरेट करता है। साथ ही व्यापारियों को धमकी देता और दिलवाता है। इस जानकारी के आधार पर एनआईए की टीमों ने एक साथ अमन के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। साथ ही सभी लोगों के मोबाइल को कब्जे में लेकर तलाशी शुरू की। लातेहार के बालूमाथ स्थित तेतरियाखाड़ कोलियरी में गोलीबारी मामले में टेरर फंडिंग की जांच कर रही एनआईए ने इससे पहले नौ फरवरी को बिहार के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। यह छापेमारी भागलपुर, पूर्णिया और मधेपुरा के एक-एक ठिकानों पर हुई थी। इस छापेमारी में कुख्यात अमन साहू का गुर्गा शंकर यादव भागलपुर से गिरफ्तार किया गया था। उसके ठिकाने से एनआईए ने 1.30 करोड़ रुपये भी बरामद किया था, जो अमन साहू के लेवी-रंगदारी से वसूले गये रुपये बताए जा रहे हैं।

## झारखंड में 22 जून को मानसून की इंट्री तेज हवाओं के साथ वर्षा-वज्रपात का अलर्ट

**रांची।** राज्य का मौसम करवट ले रहा है। राज्य में 22 जून को मानसून की इंट्री होने की संभावना है। ऐसे में लंबे समय से गर्मी का आलम झेल रहे राज्यवासियों को गर्मी से राहत मिलने वाली है।मानसून के झारखंड में प्रवेश करने से पहले ही मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**बुधवार की शाम रांची में जोरदार बारिश**



भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने कुछ जिलों में बारिश-वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही उत्तर पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी भागों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि गुरुवार को झारखंड में कुछ जगहों पर गरज और तेज हवाओं के साथ वज्रपात हो सकता है। इस दौरान वर्षा भी होगी। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है। राज्य के उत्तर पूर्वी एवं दक्षिण पूर्वी भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

रांची में भी गुरुवार को बादल छाए रहेंगे। एक से दो बार हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की उम्मीद है। पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा जिले को भी लू यानी हीट वेव से राहत मिल सकती है। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने वर्षा-वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। यहां 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल सकतीं हैं। कुछ जगहों पर वज्रपात भी हो सकता है।

इसके बाद 23 जून तक झारखंड में तेज हवाओं के साथ बारिश होती रहेगी। 21 जून को उत्तर-पूर्वी भागों में, तो 23 जून को उत्तर पूर्वी, दक्षिण पश्चिमी और उससे सटे इलाकों में भारी वर्षा होने की संभावना है। 22 जून को कुछ जगहों पर 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। कुछ जगहों पर वज्रपात हो सकता है। इस दौरान लोग सावधान रहें। किसान खेतों की ओर न जाएं। पेड़ और बिजली के खंभों से दूर रहें।

आनंद ने बताया कि अगले दो दिन के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आएगी। उच्चतम पारा दो से तीन डिग्री सेंटीग्रेड तक घट जाएगा। इसके बाद तीन दिन तक तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इस समय झारखंड के 14 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेंटीग्रेड या उससे अधिक है। 20 जून से 24 जून तक झारखंड के सभी जिलों के लिए वर्षा-वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**मुख्यमंत्री ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कहा**

# नशे से समाज में फैल रहीं कई विकृतियां

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाना है और इसमें हर किसी को अपनी सहभागिता निभानी होगी। सभी के प्रयासों से ही मादक और नशीले पदार्थों पर रोकथाम संभव है। उन्होंने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में नशा मुक्त झारखंड बनाने के लिए जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान यह बात कही। इस अवसर पर सभी ने नशे से दूर रहने की शपथ ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे पर नियंत्रण की दिशा में जागरुकता



रथ को रवाना किया जाना एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी। लोग यह समझ सकेंगे की नशे की वजह से उनका कितना नुकसान हो रहा है और इससे कैसे बचा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि नशे के खिलाफ प्रचार-प्रसार से लोग जागरूक होंगे और दूसरों को भी नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। शहर हो या गांव, हर किसी को नशे से दूर रहना होगा, जो नशा को बढ़ावा दे उसे भी रोकने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। हर किसी के सहयोग से हम अपने इस अभियान में निश्चित तौर पर सफल होंगे। यदि हम आज नशा पर नियंत्रण नहीं कर पाएंगे तो आगे और भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए हर तरह के नशे की प्रवृत्ति को रोकने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि नशे की वजह से समाज में तरह-तरह की विकृतियां फैलती है। इससे युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ती है। परिवार में अलगाव की स्थिति पैदा होती है। आपसी संबंधों में दरार आने लगता है। समाज गलत दिशा में आगे बढ़ने लगता है। सबसे बड़ी बात कि नशा का सेवन करने वालों के स्वास्थ्य पर इसका काफी नकारात्मक असर पड़ता है। शारीरिक और मानसिक बीमारियां उसे गिरफ्त में लेने लगती है। यह उस व्यक्ति के साथ उसके परिवार समाज और राज्य के लिए भी स्वस्थ नहीं है। ऐसे में युवाओं को नशा से दूर रहना होगा। यह तभी संभव है ,जब उन्हें नशे के दुष्प्रभाव से अवगत किया जाएगा। उन्हें नशा के खिलाफ जागरूक करना होगा।

# छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण



बंशीधर न्यूज

**रंका :** अनुमंडल मुख्यालय के राजकीयकृत उच्च विद्यालय परिसर में उन्नति का पहिया योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023 -24 में सरकारी विद्यालयों के कक्षा 8 में अध्यनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साईकिल वितरण किया गया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, कल्याण पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी, सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी सहित कई गणमान्यों ने साइकिल का वितरण किया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे ने कहा कि सरकार की मंशा है कि बच्चे कोसों दूर से विद्यालय में अध्ययन करने के लिये आते हैं, ऐसी स्थिति में दूरी के देखते हुए बहुत सारे छात्र विद्यालय तक नहीं पहुंच पाते हैं। इनके सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये सरकार ने छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान कर रही है। ताकि बच्चों के पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इस अवसर पर सोनदाग पंचायत के मुखिया रीमा देवी ने कहा कि पिछले कई वर्षों से बच्चों को साईकिल का पैसा उनके खाते में जाता था जिसके कारण बच्चों के माता-पिता बच्चों को साइकिल खरीद नहीं पाते थे और पैसे का उपयोग सही ढंग से नहीं हो पाता था। ऐसी स्थिति में छात्राएं साधन के अभाव में विद्यालय तक नहीं आ पाती थी। वह अब आसानी से विद्यालय तक पहुंच सकेंगे। मौके पर संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय एवं सत्येंद्र कुमार कुशवाहा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय प्रसाद एवं नवीन कुमार तिवारी सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### चैनपुर के मजदूर की चेन्नई में मौत

**मेदिनीनगर :** चेन्नई कमाने गये चैनपुर थाना क्षेत्र के नेनुआ निवासी 50 वर्षीय प्रदीप पाल की सोमवार को मौत हो गयी। वह चेन्नई में मजदूरी का काम करता था। बीमार पत्नी को देखने घर आ रहा था तभी चेन्नई सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन पर चढ़ने के क्रम में नीचे गिर गया। चेन्नई आरपीएफ ने प्रदीप पाल को गवर्नमेंट हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रदीप पाल के घर में पत्नी के अलावा तीन लड़की और एक लड़का है। आर्थिक तंगी के करण प्रदीप का शव घर नहीं लाकर चेन्नई में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। जिप सदस्य प्रमोद कुमार सिंह ने पीड़ित परिवार से मिलकर सरकारी प्रावधान के अनुसार सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।

## विरोध लाभुकों ने डीलर पर लगाया गबन का आरोप

# ग्रामीणों ने किया हंगामा



बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** प्रखंड क्षेत्र के खरसोता पंचायत स्थित बूढ़ीखांड़ गांव के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार राम लखन पहाड़िया पर लाभुकों ने दो से तीन माह का राशन गबन करने का आरोप लगाते हुये दुकान पर जमकर हंगामा किया। इधर इस संबंध में लाभुक सुनीता देवी, हंसराज चौधरी, करीमन चौधरी, जुड़ा देवी, पारसनाथ, रघुनंदन शाह, उदय प्रसाद, नंदू चौधरी, बुधन राम, शांति कुंवर, कविता देवी आदि लाभुकों ने बताया कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार राम लखन पहाड़िया हम सभी लाभूकों का 2 से 3 माह का राशन गबन कर दिया है। हम सभी को अपने भरोसे में लेकर मार्च 2024 से दो-चार दिन के अंदर अगला राशन दिया जायेगा बोलकर एडवांस पर्ची काटकर दे देता है। और जब लेने जाते हैं तो बोलता है कि अभी राशन का उठाव नहीं किए हैं अगले माह देंगे। अगले माह में राशन लेने जाने के बाद रोवाब वाले आवाज में धमकाते हुये कहता है कि ज्यादा हल्ला गुल्ला करोगे तो एक भी राशन नहीं दूंगा। और पौष मशीन से निकले पर्ची को छीन कर फाड़ देता है। साथ ही लाभुकों ने कहा कि इस दुकानदार के पास बूढ़ीखांड़ एवं खरसोता दो गांव के लाभुक है। बूढ़ीखांड़ गांव के लाभुकों को सही माप तौल के साथ समय पर राशन का वितरण कर देता है। लेकिन खरसोता गांव लगभग 400 लाभुकों के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए जबरन परेशान करता है। विदित हो कि खरसोता गांव जन वितरण प्रणाली के दुकानदार जनेश्वर चौधरी को राशन गबन करने के आरोप में मई 2023 में निलंबित कर दिया गया था। उसके बाद खरसोता गांव के लगभग 400 लाभुकों को डीलर राम लखन पहाड़िया के पास मर्ज कर दिया गया था। इस संबंध में बीडीओ सह एमओ सतीश भगत ने कहा कि लाभुको के द्वारा आवेदन देने के बाद निश्चित रूप से डीलर के ऊपर कार्रवाई की जायेगी।

## बंदूक के साथ एक गिरफ्तार

**चैनपुर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत खुरा पिकेट के झिरझिरिया जंगल से पुलिस ने खुराकला निवासी स्व मल्लू चौधरी के पुत्र लालबाबू चौधरी को अवैध एक नाली बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है। यह मामला चैनपुर थाना कांड संख्या 125/2024 के तहत दर्ज करते हुये लालबाबू को जेल भेज दिया है। जानकारी देत हुये थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि खुरा पिकेट प्रभारी सहायक अवर निरीक्षक अजीत कुमार सिंह को सूचना मिली थी कि उपरोक्त जंगल में एक व्यक्ति बंदूक लेकर घूम रहा है। इस सूचना के आलोक में श्री सिंह ने पुलिस बल के साथ सूचित स्थान पर छापा मारी की और अवैध बंदूक के साथ लालबाबू को गिरफ्तार कर लिया।

## हुसैनाबाद का कोई गांव सड़क विहीन नहीं रहेगा : कमलेश सिंह

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के विधायक की अनुसंशा पर फरवरी 2024 में स्वीकृत हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज व पिपरा की 29 ग्रामीण सड़कों के जीर्णोद्धार की निविदा ग्रामीण कार्य विभाग ने निकाल दी है। इन सड़कों का निर्माण हो जाने से अधिकांश गांवों की सड़क समस्या का समाधान हो जायेगा। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व में 60 से अधिक सड़कों में कुछ का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, कुछ का काम प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि 29 ग्रामीण सड़कां की निविदा के बाद अधिकांश गांवों की समस्या दूर हो जायेगी। श्री सिंह ने बताया कि 29 सड़कों में हैदरनगर की सात, हुसैनाबाद की छह, मोहम्मदगंज की दो, पिपरा की पांच व हरिहरगंज की आठ सड़कें शामिल हैं। सभी पथों का विशेष जीर्णोद्धार किया जाना है। इन 29 सड़कों के निर्माण पर करीब 47 करोड़ रुपये खर्च होंगे। विधायक ने कहा है कि विकास के कार्यो पर जनता निगाह रखे। कहीं गड़बड़ी होती है तो बताएं। कार्रवाई की जायेगी। इन सड़कों का निर्माण हो जाने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र का कोई गांव सड़क विहीन नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि उनके पिछले कार्यकाल में जो सड़कें बनी थी उनका किसी जनप्रतिनिधि ने रख रखाव तक नहीं किया। दुबारा उन सड़कों को भी दुरुस्त कराने का काम उन्हें ही करना पड़ा। उन्होंने कहा कि जनता से वह जो वादा करते हैं, उसे पूरा करने का काम करते हैं। जात-पात और संप्रदाय की राजनीति से अलग वह विकास की राजनीति में विश्वास रखते हैं।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**चैनपुर :** थाना क्षेत्र के चैनपुर-सलतूआ मार्ग पर मंगलवार की देर रात दीपक कुमार नामक युवक की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक दीपक कुमार कुदागाकला के कुमार चंद्रवंशी का पुत्र था। वह सलतूआ के समीम इट भाट्ठा में सुपरवाईजर का काम करता था। बताया जाता है कि कल रात वह काम निपटाकर अपने घर बाईक से वापस लौट रहा था। इसी दौरान रास्तें में वह बोलेरो के चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

## कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम कांग्रेस भवन में आयोजित किया गया था। मौके पर बिट्टू पाठक ने केक काटा एवं जरूरतमंदों के बीच सूखा राशन का वितरण किया। श्री पाठक ने कहा कि राहुल गांधी में अद्वितीय नेतृत्व क्षमता, करुणामयी सोच और साहसी दृष्टिकोण है जिसके कारण उन्होंने हर भारतीय के दिल में एक खास जगह बनाई है। उनकी सादगी और निःस्वार्थ सेवा ने सबको प्रेरित किया है। श्री गांधी भारत के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद हैं। इस मौके पर प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, शमीम अहमद राइन, कृष्णमणि दुबे, जितेंद्र कमलापुरी, सानू खान, गिरजा राम, सुरेश पाठक, जीशान खान, अशोक पासवान, सच्चिदानंद मिश्रा, अनिल सिंह, विक्की तिवारी, उमेश यादव, आलोक सिंह, इकराम अंसारी सहित कई कांग्रसी उपस्थित थे।

## पानी कनेक्शन से वंचित है बाईपास रोड के लोग : आशीष

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पेयजलापूर्ति की पाईप लाईन मुख्य मार्ग से गुजरने के बावजूद बाईपास रोड के निवासी इसके कनेक्शन से वंचित हैं। यह नगर निगम कार्यालय की घोर लापरवाही है। बाईपास रोड स्थित बिजली ऑफिस के पीछे वाले क्षेत्रों में पानी यात्रा कर रहे युवाओं की टीम वहां की परिस्थितियों का अवलोकन कर क्षुब्ध नजर आई। पानी यात्रा की अगुवाई कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि आज इस क्षेत्र में व्याप्त पेयजल समस्या कहीं न कहीं नगरनिगम कार्यालय के उदासीनता की वजह से है। इस क्षेत्र को कनेक्ट नहीं किया जाना समझ से परे है। श्री भारद्वाज ने कहा कि निगम के अधिकारियों से इस संबंध में युवाओं की टीम बहुत जल्द वार्ता कर समाधान का रास्ता तलाश करेगी। पानी यात्रा के आठवें दिन युवाओं की टोली एमएमसीएच भी पहुंची जहां पानी की किल्लत की खबर सुर्खियों में बनी हुई है। इस दौरान युवाओं ने अस्पताल परिसर में मरीजों व उनके परिजनों से मुलाकात कर पानी की किल्लत पर बात की। युवाओं की टीम ने सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह से मिलकर पानी की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। सीएस ने आश्वस्त दिया कि बुधवार की शाम तक पेयजलापूर्ति प्रारंभ कर दी जायेगी। आज की यात्रा में नवीन तिवारी, शैलेश तिवारी, बब्लू चावला, साहेब सिंह नामधारी, रौशन तिवारी, राजन पंडित, संजीत तिवारी, राकेश तिवारी, शशांक सुमन, संदीप प्रसाद, दीपक प्रसाद, आनंद दूबे, सोनू पाण्डेय, सुनील तिर्की, अविनाश पाण्डेय, संजीत पाण्डेय, प्रभात सिंह, आकाश विश्वकर्मा, ज्ञानेश तिवारी, राहुल गुप्ता, सूरज सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, नवनीत मेहता, रौशन पाठक, रिशू दूबे, धीरु मेहता, गोलू मेहता सहित कई युवा समाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

## लड़का व लड़की दोनों सिकल सेल से पीड़ित हो तो शादी नहीं करनी चाहिये : सीएस



**मेदिनीनगर :** पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने प्रेसवार्ता मे कहा कि सिकल सेल एनीमिया वाले लोगों में लाल रक्त कोशिकाएं अर्धचंद्राकार या हंसिया का आकार बनाती हैं। आमतौर पर लाल रक्त कोशिकाएं प्रतिस्थापित होने से पहले 120 दिनों तक जीवित रहती हैं। लेकिन सिकल सेल केवल 15 से 20 दिनों तक ही टिकते हैं। इससे लाल रक्त कोशिकाओं की कमी (एनीमिया) हो जाती है। उन्होंने कहा कि इसका बचाव का सबसे अच्छा तरीका है कि जब लड़की अथवा लड़का की शादी करने से पहले अनिवार्य रूप से सिकल सेल एनीमिया की जांच करा लेनी चाहिये। ताकि उनसे उत्पन्न संतान को इस बीमारी से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि लड़का और लड़की दोनों इस बीमारी से पीड़ित हो तो शादी नहीं करनी चाहिये, नहीं तो संतान भी सिकल सेल एनीमिया बीमारी से ग्रसित होंगे। सिविल सर्जन ने कहा कि पलामू जिले एक लाख शून्य से लेकर 40 साल के उम्र वाले लोगों को सिकल सेल एनीमिया जांच का लक्ष्य निर्धारित है, इसमें करीब तीन माह में 48029 लोगों की स्क्रीनिंग की गई है, जिसमें 34 लोग कैरियर सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित मिले हैं। वहीं 10 लोग पोजिटिव मिले हैं। उन्होंने कहा कि जिले में 19 लाख लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड बनाना है, इसमें अब तक आठ लाख लोगों को कार्ड बन गया है। इस अवसर पर डीपीएम दीपक कुमार गुप्ता, आयुष्मान भारत योजना के जिला डीपीसी डॉ प्रेमचंद आदि उपस्थित थे।

## न दवाई है, न पढ़ाई है, न कमाई है, इस हालात को बदला जायेगा : कल्पना सोरेन

# झामुमो कार्यकर्ताओं में उत्साह व प्रतिपक्ष में मायूसी : आलोक

बंशीधर न्यूज


**मेदिनीनगर :** जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह और उनके 750 समर्थकों को झामुमो में शामिल करने के बाद विधायक कल्पना सोरेन व प्रदेश के मंत्री सह पार्टी के महासचिव मिथिलेश ठाकुर ने सभी समुदाय को जोड़ने व पलामू के हुसैनाबाद से शुरू हुये अभियान को अंजाम तक पहुंचाने का टास्क दिया। खासकर युवाओं को जोड़ने व उन्हें पार्टी के कार्यो में लगने का टास्क दिया है। टास्क मिलने के बाद आलोक कुमार सिंह ने जनता का आशीर्वाद लेकर अभियान की शुरूआत कर दी है। झामुमो की वरीय नेतृत्व सह विधायक कल्पना सोरेने ने जिक्र किया है कि विधायक बनने के बाद वह हुसैनाबाद से नये अभियान की शुरूआत कर रही हैं। जनता भी विधानसभा चुनाव के लिये तैयार है। हर कार्यक्रम में हेमंत सोरेन की कमी सभी को खल रही है। जनता के आशीर्वाद से जेल का



फाटक टूटेगा और हेमंत सोरेन भी छुटेगा। उन्होंने कहा कि झामुमो कार्यकताओं की ताकत गुरुजी दिशोम गुरु का संघर्ष, हेमंत सोरेन का किया हुआ काम और जनता का आशीर्वाद है। हुसैनाबाद में न दवाई है, न पढ़ाई है, न कमाई है, इस हालात को बदला जायेगा। सभी समुदाय को जोड़कर विकास के कार्य को आगे बढ़ाया जायेगा। झामुमो का परिवार झारखंड की 3.5 करोड़ जनता है। आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र के लिये सोमवार का दिन बड़ा बदलाव लेकर आया है। झामुमो विधायक कल्पना सोरेन की हुसैनाबाद में सभा से राजनीतिक बदलाव की बयार बहना तेज हो गया है। बदलाव राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक सभी क्षेत्र में होने की संभावना है। इससे झामुमो कार्यकताओं में उत्साह व प्रतिपक्ष में मायूसी है। क्षेत्र की जनता झारखंड के पुरोधा दिशोम गुरु बाबा शिबु सोरेन, युवा संघर्ष के प्रतीक हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, युवा नेतृत्व कल्पना सोरेन के साथ चलने का संकल्प ले चुकी है। उन्हे पूर्ण विश्वास है कि पलामू जिले में झामुमो की मजबूती का आगाज हुसैनाबाद से होगा। हुसैनाबाद-हरिहरगंज क्षेत्र की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद से झामुमो को विधायक देगी ताकि जपला फिर से औद्योगिक नगरी बन सके।

## आपूर्ति पदाधिकारी का वेतन रोका

**मेदिनीनगर :** डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में झारनेट के सभागार में खाद्य आपूर्ति,जन वितरण प्रणाली दुकान से संबंधित मामले, धोती-साड़ी योजना समेत खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गयी। डीसी ने प्रत्येक कार्डधारी लाभुकों को उचित दरों पर उचित मात्रा में समय खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करवाने पर बल दिया। दस दिन के भीतर सभी सहायक गोदाम प्रबंधक को माह जुलाई 2024 तक का खाद्यान्न शत-प्रतिशत डोर स्टेप करने का निदेश दिया गया। जून और जुलाई माह 2024 का एनएफएसए के तहत खाद्यान्न वितरण का समीक्षा के दौरान पाया गया। हरा राशनकार्ड अंतर्गत माह अगस्त 2023 अंतर्गत अबतक वितरण कार्य असंतोष रहने के कारण, एमओ, छतरपुर, मेदिनीनगर पड़वा और नावा बाजार को स्पष्टीकरण पूछने का निदेश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में अनुपस्थित एमओ पड़वा और सदर मेदिनीनगर का अगले आदेश तक वेतन अवरुद्ध करने का निदेश दिया गया।




## 'द ब्लफ' की शूटिंग में बाल-बाल बचीं प्रियंका

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर फैंस के साथ फोटो-वीडियो शेयर करती रहती हैं। हाल ही में प्रियंका की एक फोटो सामने आई है, जिसमें नजर आ रहा है कि उनकी गर्दन पर बड़ी चोट लगी है। प्रियंका एक बड़े हादसे से बाल-बाल बच गई हैं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर ने अपनी एक फोटो शेयर की है, जिसमें उनकी गर्दन पर चोट के निशान साफ नजर आ रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, मेरे काम में खतरा। इसके साथ ही ब्लफ भी लिखा है। इससे साफ है कि एक्ट्रेस को ये चोट द ब्लफ के एक स्टंट सीन की शूटिंग के दौरान लगी है। फिलहाल प्रियंका अपनी आने वाली फिल्म द ब्लफ की शूटिंग में व्यस्त हैं। प्रियंका चोपड़ा की ये फोटो सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर वायरल हो रही है। इस फोटो के सामने आने के बाद से देसी गर्ल के फैंस को उनकी चिंता सता रही है। यह पहली बार नहीं है कि प्रियंका किसी फिल्म की शूटिंग के दौरान घायल हुई हैं। अप्रैल महीने में प्रियंका भी घायल हो गई थीं। उस वक्त उनके चेहरे पर चोट लगी थी। प्रियंका के काम की बात करे तो इस फिल्म के अलावा प्रियंका के पास जॉन सीना के साथ हेड ऑफ स्टेट फिल्म है। इसके अलावा उनके पास सिटाडेल 2 भी है। फैंस उनकी बॉलीवुड फिल्म का भी इंतजार कर रहे हैं।

## सलमान खान स्टारर 'सिकंदर' की शूटिंग शुरू



सलमान खान ने साजिद नाडियाडवाला की मच अवेटेड फिल्म सिकंदर की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसका डायरेक्शन एआर मुरुगडोस कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू हुई, जहां टीम सलमान खान एक रोमांचक मिड एयर एक्शन सीक्वेंस शूट करेगी। यह एक्शन पैक्ड फिल्म ईद के मौके पर 2025 में थिएटर्स में रिलीज होगी। साजिद नाडियाडवाला ने मार्च में अपनी अब तक की सबसे बड़े कोलैबोरेशन यानी सलमान खान के साथ सिकंदर की ऑफिशियल अनाउंस की। इसके बाद उन्होंने फीमेल लीड के रूप में रश्मिका मंदाना को कास्ट करने की घोषणा की और इस तरह से सिकंदर देश भर के टैलेंट को साथ लाते हुए एक सच्ची पैन इंडिया फिल्म का रूप लेती है। सिकंदर सलमान खान और साजिद नाडियाडवाला की 2014 की ईद ब्लॉकबस्टर किक के बाद फिर से एक साथ वापसी है। शेयर की गई तस्वीर में सलमान, साजिद और मुरुगडोस को सेट पर हंसी-मजाक करते हुए देखा जा सकता है। नाडियाडवाला ग्रैंडसन द्वारा प्रोड्यूस, सिकंदर को एआर मुरुगडोस डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें सलमान खान और रश्मिका मंदाना लीड रोल्स में हैं।

## पीएम मोदी प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेषों से हुए परिचित



# नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है : मोदी

**पटना/नालंदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया । इस मौके पर अपने उद्घाटन भाषण में मोदी ने कहा कि बिहार अपने गौरव को वापस लाने के लिए जिस तरह विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है, नालंदा का ये परिसर उसी की एक प्रेरणा है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। इस मौके पर विदेश मंत्री एस जयशंकर और 17 देशों के राजदूत और बिहार के सीएम नीतीश कुमार, राज्यपाल विश्नाथ राजेंद्र अर्लेकर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और संसदीय कार्यमंत्री विजय चौधरी ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि नालंदा कभी भारत की परंपरा और पहचान का जीवंत केंद्र हुआ करता था। शिक्षा को लेकर यही भारत की सोच रही है। शिक्षा ही हमें गढ़ती है, विचार देती है और उसे आकार देती है। प्राचीन नालंदा में बच्चों का प्रवेश उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता को देख कर नहीं



होता था। हर देश हर वर्ग के युवा यहां पर अध्ययन करने के लिए आते थे। नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए परिसर में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से आधुनिक रूप में मजबूती देनी है और मुझे ये देख कर खुशी है कि दुनिया के कई देशों से आज यहां कई विद्यार्थी आने लगे हैं। दुनिया के कई देशों से यहां छात्र आने लगे हैं। नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। ये वसुधैव कुटुंबकम की भावना का कितना सुंदर प्रतीक है।

उन्होंने कहा, '21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। आज भारत में योग की सैकड़ों विधाएं मौजूद हैं। हमारे ऋषियों ने कितना गहन शोध इसके लिए किया होगा लेकिन किसी ने योग पर एकाधिकार नहीं बनाया। आज पूरा विश्व योग को अपना रहा है, योग दिवस एक वैश्विक उत्सव बन गया है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय की पहचान ज्ञान के केंद्र के रूप में रही है। पुराने विश्वविद्यालय में करीब 10 हजार छात्र पढ़ते थे जबकि दो हजार शिक्षक बच्चों को पढ़ाते थे। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं दुनिया के अनेक जगहों के लोग यहां आकर पढ़ाई करते थे लेकिन दुर्भाग्यवश यह विश्वविद्यालय नष्ट हो गया था। नीतीश ने कहा कि साल 2005 से हम लोगों को काम करने का मौका मिला और तब से हमने बिहार के विकास का काम शुरू किया। वर्ष 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम बिहार आए थे। विधानमंडल में संबोधन के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की बात कही थी, जिसके बाद सरकार ने विश्वविद्यालय को फिर से स्थापित करने की पहल शुरू की। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार से हमने अनुरोध किया था लेकिन उस वक्त केंद्र में जो सरकार थी वह जल्दी कुछ सुन नहीं रही थी। इसके बाद राज्य सरकार ने इसको लेकर नया कानून बनाया। राज्य सरकार ने नालंदा विश्वविद्यालय के लिए 455 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। वर्ष 2008 में जब काम शुरू हुआ तो कलाम साहब उसे देखने के लिए फिर से आए थे। नीतीश ने कहा कि 2010 में हमारे अनुरोध पर नालंदा विश्वविद्यालय के लिए लोकसभा में बिल पारित किया गया। इसके बाद बिहार सरकार ने भूमि समेत अन्य चीजों को केंद्र सरकार को सौंप दिया था। फिर विश्वविद्यालक का काम धीरे-धीरे होता रहा और साल 2014 से पढ़ाई शुरू हो गई। केंद्र में 2014 में एनडीए की सरकार बनी तो काम में और तेजी आई। वर्ष 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने विश्वविद्यालय के भवनों का शिलान्यास किया था। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि नालंदा अपनी सांस्कृतिक और शैक्षिक धरोहर-विरासत है। अनेक वर्षों से इसपर ध्यान देने की आवश्यकता थी। इसको फिर एक बार उभार कर लाने की आवश्यकता थी। इसके प्रयास हमारे द्वारा किया जा रहा है।

### नालंदा विवि की कुछ खास बातें

1. नया परिसर नालंदा के प्राचीन खंडहरों के पास है, जो नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम 2010 द्वारा स्थापित एक विश्वविद्यालय है। अधिनियम ने 2007 में फिलीपींस में आयोजित दूसरे पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में किए गए विश्वविद्यालय की स्थापना के निर्णय को लागू किया।
2. पांचवीं शताब्दी में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने वाला एक प्रसिद्ध शिक्षण केंद्र था। 12वीं शताब्दी में आक्रमणकारियों द्वारा इसे नष्ट करने से पहले यह 800 वर्षों तक फलता-फूलता रहा।
3. स ा म ा क ा ल ी न ा विश्वविद्यालय ने 2014 में 14 छात्रों के प्रारंभिक समूह के साथ एक अस्थायी स्थल पर अपना संचालन शुरू किया और 2017 में निर्माण कार्य शुरू हुआ।
4. भारत के अलावा कुल 17 देशों ने नालंदा विश्वविद्यालय को समर्थन देने के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन देशों में ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, न्यूजीलैंड, पुर्तगाल, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, लाओस, मॉरीशस, श्रीलंका, थाईलैंड, चीन, म्यांमार और वियतनाम शामिल हैं।

### Hit लिस्ट

### नेट परीक्षा की सीबीआई करेगी जांच

**दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने की घोषणा की है। शिक्षा मंत्रालय ने प्रथम दृष्टया गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद परीक्षा को रद्द करने का निर्देश दिया था। केन्द्र सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है। उल्लेखनीय है कि 18 जून, 2024 को देश के विभिन्न शहरों में यूजीसी-नेट जून 2024 की परीक्षा को एनटीए ने दो शिफ्ट में ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में आयोजित किया था। एक दिन बाद ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को परीक्षा के संबंध में गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (क्4उ) की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से कुछ इनपुट मिले। इस इनपुट से स्पष्ट संकेत मिले कि मंगलवार को आयोजित परीक्षा में गड़बड़ी हुई थी। जिसके बाद शिक्षा मंत्रालय ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को आगाह किया और यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने की घोषणा की गई। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि यूजीसी-नेट परीक्षा नए सिरे से आयोजित की जाएगी। नई प्रक्रिया को लेकर अभ्यर्थियों को जल्द जरूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

### ओडिशा विधानसभा में नेता विपक्ष होंगे नवीन पटनायक

**नई दिल्ली।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक नई विधानसभा में नेता विपक्ष होंगे। उन्हें आज विधायक दल की बैठक में नेता और विपक्ष का नेता चुना गया। वहीं प्रसन्ना आचार्य विधानसभा में पार्टी के उप नेता होंगे। विधायकों के साथ आज



बैठक के बाद नवीन पटनायक ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नव निर्वाचित बीजू जनता दल के विधायकों की बैठक हुई है। इसमें उन्हें विपक्ष का नेता और विधानसभा में पार्टी का नेता चुना गया है। उन्होंने बताया कि एक नया पद होगा, जिसमें प्रसन्ना आचार्य विधानसभा में पार्टी के उप नेता होंगे। इसके अलावा प्रमिला मल्लिक मुख्य सचेतक और प्रताप केशरी देब उप मुख्य सचेतक बनाए गए हैं।

### टी-20 विश्व कप : 2024

## ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मार्श गेंदबाजी के लिए उपलब्ध

**एंटीगुआ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान मिशेल मार्श ने 2024 टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में गेंदबाजी के लिए खुद को तैयार घोषित किया है, जिससे ऑस्ट्रेलिया को एंटीगुआ में बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले एक और विकल्प मिल सके। मार्श ने हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईपीएल छोड़ने के बाद से गेंदबाजी नहीं की है और उनकी वापसी के लिए सतर्क दृष्टिकोण अपनाया गया है। मार्श ने गुरुवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा, मैं गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहूंगा। हमारे पास जो लाइन-अप है, उसे देखते हुए मुझे वास्तव में गेंदबाजी करने की आवश्यकता नहीं दिखती है, लेकिन मुझे लगता है कि इस प्रारूप में विकल्प होना वास्तव में महत्वपूर्ण है और हमारे पास बहुत सारे विकल्प हैं। ऑस्ट्रेलिया को मार्श के गेंदबाजी से दूर रहने के कारण



कोई कमी महसूस नहीं हुई है, क्योंकि मार्कस स्टोइनिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जबकि स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने सुपर आठ में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए 12 ओवर स्पिन का इस्तेमाल किया। अगर ऑस्ट्रेलिया ने एश्टन एगर को दूसरे फ्रंटलाइन स्पिनर के रूप में फिर से मैदान में उतारा और फैसला किया कि उन्हें सीम के कुछ अतिरिक्त ओवरों की आवश्यकता है, तो मार्श की गेंद के साथ भूमिका अधिक संभावित परिदृश्य बन जाएगी। मार्श ने कहा, शारीरिक रूप से अच्छा महसूस कर रहा हूं। गेंदबाजी से थोड़ा ब्रेक लेना हमेशा अच्छा लगता है और मैं अक्सर इस बारे में मजाक करता हूँ। लेकिन मार्कस और मैं अक्सर ऑलराउंडर के तौर पर इस बारे में बात करते हैं, हमें खेल में बने रहना पसंद है। मार्श ने यह नहीं बताया कि ऑस्ट्रेलिया बांग्लादेश के खिलाफ तीन विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगा या स्कॉटलैंड के खिलाफ इस्तेमाल किए गए आक्रमण का संतुलन बनाए रखेगा।

## भीषण गर्मी में स्पाइसजेट फ्लाइट का एसी खराब

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट एयरलाइन की फ्लाइट में बदइंतजामी का मामला सामने आया है। नई दिल्ली से दरभंगा जा रहे स्पाइसजेट की उड़ान संख्या एसजी 486 के यात्रियों को भीषण गर्मी के बीच एक घंटे से अधिक समय तक बिना एयर कंडीशनिंग (अउ) वाले विमान के अंदर बैठना पड़ा, जिससे कई यात्रियों की तबीयत खराब हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस एयरलाइन से सफर करने वाले एक यात्री ने बताया कि मैं स्पाइसजेट से नई दिल्ली से दरभंगा जा रहा था।



दिल्ली एयरपोर्ट पर चेक-इन करने के बाद उन्होंने एक घंटे तक एयर कंडीशनिंग चालू नहीं किया। इसकी वजह से फ्लाइट के अंदर का तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया था। इससे यात्रियों को परेशानी हो रही थी। यात्री ने बताया कि जब फ्लाइट ने उड़ान भरी, तब एयर कंडीशनिंग चालू किया गया...। हालांकि, एयरलाइन कंपनी की ओर से फिलाहाल कोई प्रतिक्रिया अभी नहीं आई है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)